कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस - नोट

दिनांक- 02.10.2024

विषयः- कोतवाली थाना क्षेत्र में जुआ खेल रहे 05 जुआरियों को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 3480/- रुपये व एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित हरिश्चन्द्र पार्क (कम्पनी गार्डेन) मैदागिन में दिनांक 01.10.2024 को 05 नफर जुआरियों को तास के पत्तो से जुआ खेलते हुए मौके से पकड़ लिया गया, जिनके कब्जे से माल फड़ के 980/- रुपये व जामा तलाशी से 2500/- रुपये तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 111/2024 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

घटना का विवरणः- दिनांक 01.10.2024 को शाम के समय थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली की हरिश्चन्द्र पार्क में कुछ लडके तास के पत्तो से हार व जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम मुखबिर खास के बताये हुए स्थान हरिश्चन्द्र पार्क के अन्दर पहुचे कि मुखबीर खास ने इशारा करते हुये बताया कि गोलम्बर में जहा कुछ ब्यक्ति इक्कठा होकर बैठे है वही पर जुआ हो रहा है। जिसपर पुलिस वाले दबे पाव उनके करीब पहुचे किन्तु वो लोग खेल में इतने मशगूल थे कि पुलिस वालों के आने की जानकारी ही नही हुयी जैसे ही पुलिस वाले उनके पास पहुचे तो देखा व सुना कि एक व्यक्ति ने कहा 50 रू0 का दांव मेरा बेगम बाहर, उस पर दूसरे व्यक्ति ने कहा कि 100 रू0 का दांव मेरा इक्का अंदर, इस पर तीसरे व्यक्ति ने ताश फेंटते हुए बांटने शुरू किया ही था कि पुलिस वालो को देखकर चौक गया और सभी भागने का प्रयास किये किन्तु सभी पुलिस वाले ने एक बारगी में घेर घारकर पाचो ब्यक्तियो को दिनांक 01.10.2024 को समय करीब 17.05 बजे नियमानुसार पकड़ लिया गया। जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते, माल फड 980 रू0, जामा तलाशी से 2500/- रुपये व एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया जिसके बाबत थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 111/24 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

विवरण पूछताछः- गिरफ्तार शुदा पांचो व्यक्तियों से बरामद ताश व रूपयों के सम्बन्ध में पूछा गया तो पाँचो व्यक्ति द्वारा बताया गया कि हम लोग यही पास के ही रहने वाले है और मैदागिन व आस पास जो भी काम मिल जाता है उसे करके जो पैसा मिलता है उसे डबल तिबल करने के लिये आपस में ही ताश के पत्तो से 100 - 50 रुपये की हार जीत की बाजी लगा कर जुआ खेल लेते है। हमसे गलती हो गयी हमें माफ कर दीजिये दोबारा ऐसी गलती नही होगी हमें जाने दीजिये।

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0- 111/24 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अपराधियों का विवरण-

1. प्रियांशु पुत्र अभिमन्यु नि0 नरहरपुरा थाना कोतवाली जिला वाराणसी उम्र 19 बर्ष
2. जय कुमार गोंड पुत्र स्व0 विजय कुमार गोंड नि0 के 53/84 मध्यमेश्वर दारानगर थाना कोतवाली जिला वाराणसी उम्र 24 वर्ष
3. समशेर पुत्र मोहम्मद हारुन नि0 हसनपुरा कोयला बाजार थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 28 वर्ष
4. गौरव सेठ पुत्र अशोक सेठ निवासी के 32/107 कतुआपुरा थाना कोतवाली वाराणसी उम्र 19 वर्ष
5. करन सेठ पुत्र सच्चिदानंद सेठ नि0 के 53/82 मध्यमेश्वर थाना कोतवाली वाराणसी उम्र 24 वर्ष

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः- दिनांक- 01.10.2024 स्थानः- हरिश्चन्द्र पार्क (कम्पनी गार्डेन) मैदागिन में बने सार्वजनिक गोलम्बर से थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगीः –

1. माल फड 980/- रुपये नगद
2. जामा तलाशी के 2500/- रुपये
3. 01 अदद एड्रायड मोबाइल फोन

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह, थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शिवशंकर यादव, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 हिमांशु कुमार, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 कुलदीप सिंह, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
5. का0 शिवम भारती, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
6. का0 पंकज राय, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
7. का0 विकेश कुमार, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
8. का0 आशीष यादव, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
9. का0 धर्मेन्द्र, थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।